**दिनांक 29.11.2024 को कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना, की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्र पाटलिपुत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

---

सदस्य उपस्थित :–

I. कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बियाडा पटना।
II. उप– महाप्रबंधक, तकनीकी, बियाडा पटना।
III. उप– महाप्रबंधक, तकनीकी, बियाडा पटना।
IV. उप– महाप्रबंधक, वित्त, बियाडा पटना।
V. प्रबंधक, तकनीकी, बियाडा पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | : औद्योगिक क्षेत्र पाटलिपुत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | : रु0 29,61,166.00 मात्र |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | : रु0 29,61,166.00 मात्र |
| 4. | परिमाण विपत्र की कुल राशि | : रु0 29,61,166.00 मात्र |
| 5. | निविदा सूचना संख्या | : 11/BIADA/2024-25 |
| 6. | निविदा आमंत्रण की तिथि | : 28.10.2024 |
| 7. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | : 13.11.2024 |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | : 14.11.2024 |
| 9. | निविदा प्रसारण का माध्यम | : ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 10. | प्रकाशन का पी0आर0 सं0 | : 11624 (B & C) 2024-25 |

11. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार का नाम एवं पता :–

(1) M/S Shashi Kant Singh, Vir Basawan Singh Nagar, P.O- B.V.C Campus, P.S- Rukanpura, Patna-800014
(2) Shreyas Infratech Private Limited, Vikash Kumar, F. No.-408, Block-C, Gen-X, RPS More, Bailey Road, Danapur, Patna-801503
(3) Kanifnath Enterprises, Youraj Kishan Gavshete, Gate No. 76/1A/1, Near Srushti Chowk, Pimple Gurav, Pune-411061

**निविदा समिति की कार्यवाही –**

औद्योगिक क्षेत्र पाटलिपुत्र में सोलर स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन कार्य हेतु प्रथम बार निविदा (NIT–07/BIADA/2024-25, दिनांक–03.09.2024) के माध्यम से की गई, जिसमें कुल 03 निविदादाताओं ने भाग लिया था। निविदा समिति के सदस्यों के द्वारा तीनों निविदादाताओं के तकनीकी बीड के अभिलेखों का जाँच किया गया। जाँचोपरान्त मात्र एक निविदादाता को तकनीकी रूप से सफल पाया गया, जिसके कारण वित्तीय बीड में मात्र एक निविदादाता के शेष रहने एवं वित्तीय बोली में प्रतिस्पर्धा नहीं रहने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना संख्या 7806/वि0 दिनांक 30.09.2016 द्वारा बिहार वित्त नियमावली 1950 के नियम के आलोक में विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी।

इस कार्य हेतु पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 11/BIADA/2024-25 आमंत्रित की गयी। इस पुनर्निविदा में 03 निविदादाताओं ने भाग लिया। निविदा समिति द्वारा निविदा में प्राप्त अभिलेखों का जाँच किया गया। जाँच के क्रम में पाया गया कि एक निविदादाता यथाक्रमांक (2) Shreyas Infratech

Private Limited, Vikash Kumar, F. No.-408, Block-C, Gen-X, RPS More, Bailey Road, Danapur, Patna-801503 द्वारा निविदा में निजी क्षेत्र एवं दुकानदार का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया है जो निविदा की शर्तों के अनुरूप नहीं है। अतः उपरोक्त एक निविदादाता को निविदा के नियम एवं शर्त का अनुपालन नहीं किये जाने के कारण अयोग्य पाया गया। जाँचोपरान्त निम्न तथ्य पाया गया :–

1. **निविदादाता M/s Shashi Kant Singh:-**
   NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करते हैं।
2. **निविदादाता Shreyas Infratech Private Limited :-**
   NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण नहीं करते हैं।
3. **निविदादाता निविदादाता Kanifnath Enterprises**
   NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करते हैं।

अतः इस निविदा में सम्मिलित 03 (तीन) निविदादाताओं में से एक निविदादाता यथा क्रमांक–(2) Shreyas Infratech Private Limited, Vikash Kumar, F. No.-408, Block-C, Gen-X, RPS More, Bailey Road, Danapur, Patna-801503 को तकनीकी बीड में Non-Responsive पाया गया है तथा दो निविदादाताओं यथाक्रमांक (1) M/S Shashi Kant Singh, Vir Basawan Singh Nagar, P.O- B.V.C Campus, P.S- Rukanpura, Patna-800014 एवं (3) Kanifnath Enterprises, Youraj Kishan Gavshete, Gate No. 76/1A/1, Near Srushti Chowk, Pimple Gurav, Pune-411061 को तकनीकी बीड में Responsive पाया गया है।

**निविदा समिति की निर्णय –**

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में निविदा समिति सर्वसम्मति से तकनीकी बीड में Non-Responsive एक निविदादाता यथा क्रमांक (2) Shreyas Infratech Private Limited को तकनीकी बीड में असफल मानती है एवं दो निविदादाताओं यथाक्रमांक (1) M/S Shashi Kant Singh एवं (3) Kanifnath Enterprises को तकनीकी बीड में सफल मानती है।

उपरोक्त के आलोक में निविदा समिति के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि निविदा समिति की इस कार्यवाही को प्राधिकार के वेबसाइट पर 03 दिनों के लिए अपलोड किया जाय। किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होने पर निविदा समिति बैठक कर आपत्ति का निस्तार करेगी, तथा यदि किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो वैसी स्थिति में तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर अग्रतर कार्रवाई करने की अनुशंसा करती है।

29/11/24
**प्रबंधक, तकनीकी**
बियाडा, पटना

29/11/24
**उप–महाप्रबंधक, वित्त**
बियाडा, पटना

29/11/24
**उप–महाप्रबंधक, तकनीकी (नॉर्थ)**
बियाडा, पटना

29/11/24
**उप–महाप्रबंधक, तकनीकी (साउथ)**
बियाडा, पटना

29/11/24
**कार्यकारी निदेशक (परियोजना)**
बियाडा, पटना।